Seat No. : _______________

DO-111

December-2013

B.A. (Sem.-I)

Hindi : Core-102

(आधुनिक हिन्दी कहानी)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
(2) **सभी** प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिये गए हैं ।

1. 'कफन' कहानी का कथासार लिखते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

सुनंदा की चारित्रिक विशेषताओं के विषय में सविस्तार बताइए ।

2. कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'गैंग्रीन' कहानी की समीक्षा कीजिए । **14**

अथवा

'गदल' कहानी का कथासार लिखते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

3. 'डिप्टी कलक्टरी' कहानी के कथ्य को स्पष्ट करते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(अ) 'रसप्रिया' शीर्षक की सार्थकता

(आ) 'रसप्रिया' में आंचलिक वातावरण

(इ) अमरकान्त की भाषा-शैली

4. सिद्ध कीजिए कि 'हत्या और आत्महत्या के बीच' में वर्तमान सामाजिक यथार्थ की सच्ची तसवीर मिलती है । **14**

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(क) "मैं उन कसाइयों के बीच लौटकर नहीं जाना चाहती । उन्हें मेरे पढ़े-लिखे होने पर जलन होती है, वे मेरे साथ जानवर से भी बदतर सलूक करते हैं । मैंने ऐसा क्या किया है, जिसके लिए ऐसी जघन्यता सहती रहूँ ।"

(ख) "बस, मशीन आने-भर की देर है । आते ही अपना कमीशन तो खड़ा हो जाएगा । यह कमीशन का काम भी बड़ा बेहूदा है । पर क्या किया जाए ?"

(ग) मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि घर जाकर तैयार होकर दफ्तर जाऊँ या अब एक मौत का बहाना बनाकर आज छुट्टी ही ले लूँ – आखिर मौत तो हुई ही है और शव-यात्रा में शामिल भी हुआ हूँ ।

5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **14**

(क) **एक** वाक्य में उत्तर दीजिए : **5**

(1) बुधिया की मौत किस कारण से हुई ?

(2) मालती के पति क्या काम करते हैं ?

(3) गदल किस जाति से है ?

(4) रसप्रिया क्या है ?

(5) सुनन्दा मन-ही-मन दुःखी और उदास क्यों है ?

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **5**

(1) ________ एक मनोवैज्ञानिक कहानी है । (कफ़न, गैंग्रीन, डिप्टी कलक्टरी)

(2) डोडी का चरित्र _________ कहानी से संबंधित है । (पत्नी, गदल, दिल्ली में एक मौत)

(3) 'हाँ बेटा, वैकुण्ठ में जाएगी ।' – यह कथन ________ का है । (माधव, रमपतिया, घीसू)

(4) ________ कहानी में स्त्री-शोषण तथा स्त्री के साथ होनेवाले सामाजिक अन्याय का यथार्थपूर्ण चित्रण हुआ है । (गदल, हत्या और आत्महत्या के बीच, दिल्ली में एक मौत)

(5) पंचकौड़ी ________ के गीत गाता था । (तुलसी, कबीर, विद्यापति)

(ग) उचित जोड़े मिलाइए : **4**

I	II
1. रसप्रिया	1. कमलेश्वर
2. दिल्ली में एक मौत	2. अमरकांत
3. गदल	3. फणीश्वरनाथ 'रेणु'
4. डिप्टी कलक्टरी	4. रांगेय राघव